आइआइएम रांची में हिंदी पखवाड़ा का समापन

रांची. आइआइएम रांची में आयोजित हिंदी पखवाड़ा का समापन बुधवार को हुआ. मुख्य आयकर आयुक्त कुमार संजय ने विद्यार्थियों को हिंदी भाषा की उपयोगिता को बढ़ावा देने की बात कही. लोगों के बीच शुद्ध हिंदी भाषा के बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया. इस दौरान 14 से 29 सितंबर के बीच आयोजित क्विज, वाद-विवाद, कविता पाठ और एकालाप प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया. वहीं, संस्थान में हिंदी भाषा के विकास में सहयोग के लिए मिथिलेश प्रसाद सिंह और नवल कुमार सिंह को सम्मानित किया गया. मौके पर निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव और प्रो प्रशांत मौर्य मौजूद थे.

Prabhat Khabar_06.10.2023_Pg. 11